59 साल में पहली बार • औसत पैकेज 4 लाख से बढ़कर 6 लाख

आईआईपीएस के छात्र को 1.13 करोड़ का जॉब पैकेज, पिछले पैकेज 56 लाख से दोगुना

भास्कर संवाददाता | इंदौर

देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी के आईआईपीएस (इंटरनेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज) के छात्र शाहिल अली को 1 करोड़ 13 लाख रुपए सालाना पैकेज पर जॉब मिला है।

1964 में स्थापित यूनिवर्सिटी में यह अब तक का सबसे बड़ा पैकेज है। इससे पहले अधिकतम पैकेज 56 लाख रुपए था, जो आईईटी की एक छात्रा को मिला था। इस बार जो अधिकतम पैकेज मिला है, वह पिछले पैकेज से दोगुना है। खास बात यह है कि इस साल का दूसरा अधिकतम पैकेज भी इसी छात्र को 46 लाख का मिला है। हालांकि शाहिल नीदरलैंड की कंपनी में 1.13 करोड़ के पैकेज पर ज्वॉइन करेंगे। इस बार डीएवीवी की टीचिंग विभागों में अभी तक 982 छात्रों को जॉब ऑफर हुई हैं। कुलपति प्रो. रेणु जैन और रजिस्ट्रार डॉ. अजय वर्मा ने बताया कि इस बार औसत पैकेज भी साढ़े चार लाख से बढ़कर करीब 6 लाख पर पहुंच गया है।